जबलपुर | रविवार | 14 दिसम्बर 2025 | वर्ष 76 | अंक 310 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण



5 डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की की नई ऊंचाई पर


6 लिटरेचर क्लब का अनूठा नवाचारी रचना शिविर


7 ज्योतिष में दार्शनिक और आध्यात्मिक प्रेरणा


8 सीरीज कब्जाने दिखेगा दम


## एक नजर में



### नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मदी गिरफ्तार

**तेहरान.** ईरान ने नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को गिरफ्तार कर लिया है. उनके समर्थकों ने यह जानकारी दी. मोहम्मदी के नाम पर बने फाउंडेशन ने कहा कि उन्हें तेहरान से लगभग 680 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित मशहद में हिरासत में लिया गया. यह गिरफ्तारी तब हुई, जब वह एक मानवाधिकार वकील के लिए आयोजित शोक सभा में शामिल हो रही थीं, जिनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी. मोहम्मदी के समर्थकों ने कहा कि नरगिस फाउंडेशन उन सभी हिरासत में लिए गए व्यक्तियों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग करता है, जो शोक सभा में शामिल होकर सम्मान प्रकट कर रहे थे और एकजुटता दिखा रहे थे.

### मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद

**इम्फाल.** मणिपुर पुलिस ने शुक्रवार को चुराचांदपुर जिले के खुगा डैम क्षेत्र में एक तलाशी अभियान के दौरान हथियार, विस्फोटक और अन्य सामग्रियों का जखीरा बरामद किया. इनमें एक स्थानीय रूप से निर्मित .303 राइफल, तीन पिस्तौल मैगजिन, एक 51 मिमी मोर्टार स्मोक बम, एक स्टन ग्रेनेड और एक तात्कालिक मोर्टार (पम्पी) शामिल है. पुलिस ने चार विस्फोटक उपकरण, विभिन्न कैलिबर के 12 राउंड गोला-बारूद, दो गोला-बारूद क्लिप और एक 12-बोर के लिए एक कारतूस बेल्ट भी जब्त किया. पुलिस ने शनिवार को बताया कि इसके अलावा, दो बाओफेंग हैंड-हेल्ड वायरलेस सेट, दो हेलमेट, मैगजिन और पिस्तौल पाउच के साथ संलग्न एक 'टैक्टिकल बेल्ट' भी इलाके से बरामद किये गये.

### भारत ने पेरू को 2.5 लाख सेलाइन बोतलें भेजीं

**नई दिल्ली.** भारत ने पेरू में डिहाइड्रेशन से जूझ रहे मरीजों की सहायता के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। भारत ने उपचार के लिए पेरू को 2.5 लाख से अधिक सेलाइन बोतलें उपलब्ध कराई और दक्षिण अमेरिकी देश के साथ भरोसेमंद साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पेरू में भारत के राजदूत विश्वास सपकाल ने यह खेप पेरू के स्वास्थ्य मंत्रालय को सौंपी। इनमें स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतरराष्ट्रीय सहयोग के महानिदेशक अल्बर्टो तेजादा कॉनरॉय, नेशनल सेंटर फॉर द सप्लाई ऑफ स्ट्रैटेजिक हेल्थ रिसोर्सेज के निदेशक एरिक वास्केज काल्डेरोन और विदेश मंत्रालय के निदेशक एबेल कार्डेनस शामिल थे।

# मध्यप्रदेश में नया कर नहीं लगाया जाएगा : डॉ. यादव

**प्रशांत जैन**

**भोपाल, 13 दिसंबर. मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार अतिरिक्त संसाधन जुटाने के लिए अनेक कदम उठा रही है, लेकिन सरकार के आगामी बजट में किसी नए कर का प्रावधान नहीं किया जाएगा.**

मुख्यमंत्री के रूप में दो वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके डॉ यादव ने नवभारत से विशेष बातचीत में यह जानकारी दी. डॉ यादव ने कहा कि उनकी सरकार का प्रारंभ से ही प्रयास रहा है कि मितव्ययिता संबंधी कदम उठाकर अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाए जाएं. सरकार ने शुरुआती दो वार्षिक बजट में कोई भी नये कर नहीं लगाए थे और वित्त वर्ष 2026 27 में भी कोई नया कर नहीं लगाया जाएगा.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ नवभारत के समाचार संपादक की विशेष चर्चा.

मितव्ययिता संबंधी उपायों के परिप्रेक्ष्य में डॉ यादव ने कहा कि पहले भी चिकित्सा शिक्षा और लोक स्वास्थ्य विभाग को मिलाकर लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के नाम से एक ही विभाग बनाया गया है. इस तरह के कदमों से राज्य सरकार के खर्च कम करने में मदद मिली है. आने वाले दिनों में और भी कदम उठाए जाएंगे.

राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियों के बारे में डॉ यादव ने कहा कि वैसे तो सरकार की अनेक उपलब्धियां हैं, लेकिन वे 'नदी जोड़ो परियोजनाओं' के क्रियान्वयन और इस राज्य से नक्सलियों के सफाए को सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में देखते हैं.

> मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी सप्ताह मध्यप्रदेश नक्सलियों से मुक्त हो गया है. सभी नक्सली समर्पण कर चुके हैं. राज्य से माओबादी नेटवर्क समाप्त हो गया है. कभी नक्सली प्रभावित रहे बालाघाट, मंडला और डिंडोरी नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं. डॉ यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा कि उज्जैन में साइंस सिटी विकसित की जा रही है. इसमें काफी निवेश के साथ ही इस अंचल के विकास में मदद मिलेगी.

उन्होंने कहा कि नदी जोड़ो परियोजनाओं के क्रियान्वयन से किसानों और राज्य की उन्नति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो रहा है. राज्यों के बीच विवाद भी समाप्त हो रहे हैं.



# शहीदों को याद कर भावुक हुआ देश

शहीदों का साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा सराहनीय थी : पीएम मोदी

- **संसद हमले की 24वीं बरसी पर जुटे नेता**
- **प्रधानमंत्री सहित सांसदों ने दी श्रद्धांजलि**

**नई दिल्ली, 13 दिसंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई सांसदों ने शनिवार को संसद परिसर में वर्ष 2001 के आतंकी हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की.**

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र कर्तव्य निभाते हुए प्राणों की आहुति देने वालों को श्रद्धापूर्वक याद करता है. पीएम मोदी ने एक पोस्ट भी किया. पोस्ट में कहा कि आज के दिन, हमारा देश उन लोगों को याद करता है, जिन्होंने 2001 में हमारी संसद पर हुए जघन्य हमले में अपने प्राणों की आहुति दी थी. गंभीर खतरे के बावजूद, उनका साहस, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा सराहनीय थी. भारत उनके सर्वोच्च बलिदान के लिए सदा कृतज्ञ रहेगा.

इसके अलावा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भी एक्स पर पोस्ट कर आतंकी हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि दी. बता दें कि 13 दिसंबर 2001 को जैश-ए-मोहम्मद के पांच आतंकवादियों ने संसद परिसर पर हमला किया था. इस हमले में दिल्ली पुलिस के छह जवान, संसद सुरक्षा सेवा के दो कर्मी और एक माली की जान चली गई थी. सुरक्षाबलों ने मुस्तैदी दिखाते हुए सभी पांचों आतंकवादियों को मार गिराया था.

# आईएएस वर्मा सेवा से होंगे बर्खास्त

## राज्य सरकार ने केंद्र को भेज दिया है प्रस्ताव

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 13 दिसंबर. भारतीय प्रशासनिक सेवा के विवादित अधिकारी की मुश्किलें आने वाले दिनों में और बढ़ सकती है. अब उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है. राज्य सरकार ने इस संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज दिया है.**

वर्मा राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा संवर्ग में पदोन्नत हुए थे, उन्हें वर्ष 2012 बैच आवंटित किया गया है. वर्मा की परेशानी तब से बढ़ने लगी, जब उन्होंने 23 नवंबर को अजाक्स के प्रांतीय अधिवेशन में ऐसा बयान दे दिया, जिससे ब्राहमण वर्ग नाराज हो गया.



> वहीं उन्हें सेवा से बर्खास्त करने के लिये दूसरा कारण उनके द्वारा झूठी जानकारी देकर आईएएस अवार्ड हासिल करना बताया गया है. इस संबंध में मुख्य सचिव को 28 अप्रैल 2021 को शिकायत की गई थी कि संतोष वर्मा ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए शासकीय दस्तावेजों अगस्त 2021 को आरोप पत्र भी जारी किया गया था, जिसका जवाब संतोषजनक नहीं मिला था.

उन्होंने ब्राहमण बेटियों को लेकर आपत्तिजनक बातें की, उसके बाद प्रदेशभर में उनका विरोध शुरू हो गया और उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाने लगी.

बाद में जीएडी ने उन्हें नोटिस दिया और सात दिन के भीतर जवाब देने के निर्देश दिये. इधर जीएडी ने उनकी अवार्ड वापसी और सेवा से बर्खास्त करने को लेकर जो पत्र केंद्र सरकार को भेजा है, उसमें उनकी बर्खास्तगी की एक वजह यह भी बताई है, जिसमें कहा गया है कि उनके बयान से सामाजिक तनाव पैदा हुआ, ये बयान अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी के आचरण के अनुकूल नहीं है.

# केरल में पहली बार निकाय चुनाव में खिला कमल

**50** वार्डों में एनडीए ने जीत हासिल की

**29** सीटों पर सिमट गई सत्ताधारी एलडीएफ

**19** सीटें मिलीं कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को

**नई दिल्ली, 13 दिसंबर. केरल में बड़ा सियासी फेरबदल देखने को मिला है. भारतीय जनता पार्टी ने तिरुवनंतपुरम निकाय चुनाव में भगवा लहरा दिया है.**



भाजपा ने निकाय चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए लोकतांत्रिक मोर्चा से सत्ता छीन ली है. बीजेपी की यह जीत सत्ताधारी वाम मोर्चे के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है, क्योंकि एलडीएफ यहां बीते चार दशकों से सत्ता में काबिज थी. एनडीए ने नगर निगम के 101 वार्डों में से 50 पर जीत हासिल की है, जबकि सत्ताधारी एलडीएफ 29 सीटों पर सिमट गई है. कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ को 19 सीटें मिलीं, वहीं दो सीटों पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है. पिछले सप्ताह एक उम्मीदवार की मृत्यु के बाद एक सीट का मतदान रद्द कर दिया गया था.

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तिरुवनंतपुरम में बीजेपी की जीत पर मुबारकबाद दी है. पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, तिरुवनंतपुरम को धन्यवाद! तिरुवनंतपुरम नगर निगम में भाजपा-एनडीए को मिला जनादेश केरल की राजनीति में एक ऐतिहासिक क्षण है. जनता को पूरा विश्वास है कि राज्य की विकास संबंधी आकांक्षाओं को केवल हमारी पार्टी ही पूरा कर सकती है. हमारी पार्टी इस शहर के विकास और लोगों के लिए जीवन स्तर को सुगम बनाने की दिशा में काम करेगी.

# नीतीश सरकार के मंत्रियों में 3 नए विभागों का बंटवारा

- **सीएम के पास रहेगा नागरिक उड्डयन मंत्रालय**
- **सुनील को उच्च शिक्षा विभाग संजय सिंह को कौशल विभाग**

**पटना, 13 दिसंबर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रियों में 3 नवगठित विभागों का बंटवारा भी कर दिया है.**

नागरिक उड्डयन मंत्रालय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद के पास रखा है. वहीं उच्च शिक्षा विभाग मंत्री सुनील कुमार को दिया है, जो पहले से विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा




विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं. मंत्री संजय सिंह टाइगर को युवा, रोजगार एवं कौशल विभाग सौंपा गया है, जबकि वे पहले से श्रम संसाधन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं. वहीं अब दोनों को नए विभाग भी देखने हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 2 और मंत्रियों के विभागों में बदलाव किया है.

# भारत पर टैरिफ के फैसले पर घिरे ट्रंप

**वाशिंगटन, 13 दिसंबर (वार्ता) अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिसका विरोध कांग्रेस (संसद) के निचले सदन की प्रतिनिधि सभा के तीन सदस्यों ने किया है और शुल्क को समाप्त करने के लिए प्रस्ताव पेश किया है.**

अमेरिकी सांसदों ने प्रस्ताव में इन शुल्क को अवैध बताया और कहा है कि इससे अमेरिकी श्रमिकों और उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचेगा. साथ ही अमेरिका-भारत संबंधों में भी तनाव पैदा होगा. यह प्रस्ताव रिप्रेजेंटेटिव डेबोरा रॉस, मार्क वेसी और राजा कृष्णमूर्ति ने पेश



अमेरिका में 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने का विरोध

प्रतिनिधि सभा के तीन सदस्यों ने पेश किया प्रस्ताव

किया. इससे पहले सीनेट में ब्राजील पर लगाए गए इसी तरह के टैरिफ को वापस लेने और आपातकालीन शक्तियों के तहत व्यापार शुल्क लगाने के राष्ट्रपति के अधिकार को सीमित करने के लिए दोनों पार्टियों ने मिलकर प्रयास किया था.

> **गोल्ड कार्ड के खिलाफ 20 राज्यों में मुकदमा दायर**
>
> अमेरिकी प्रशासन ने ट्रम्प गोल्ड कार्ड वीजा के आवेदनों पर 1 मिलियन डॉलर (करीब 9 करोड़ रुपए) की फीस लगा दी है। इस फैसले के खिलाफ कैलिफोर्निया के नेतृत्व में कुल 20 अमेरिकी राज्यों ने कोर्ट में मुकदमा दायर कर दिया है। इन राज्यों का कहना है कि यह फीस पूरी तरह गैर-कानूनी है न्यूयॉर्क समेत 20 बड़े राज्य इस मुकदमे में शामिल हैं।



# साल्ट लेक में मेसी शो फेल फैंस का गुस्सा फूटा

- **मुख्य आयोजक गिरफ्तार सीएम ममता ने मांगी माफी**

**कोलकाता, 13 दिसंबर। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी गोट इंडिया टूर 2025 के तहत की भारत दौरे पर हैं. वह शनिवार तड़के कोलकाता पहुंचे, लेकिन मेसी का छोटा सा दौरा अफरा-तफरी में बदल गया. इस दौरान जो कुछ हुआ, वह वाकई शर्मनाक था.**

फैंस को मेसी की झलक देखने को नहीं मिली, इसके बाद वो बौखला गए. गुस्साए दर्शकों ने सुरक्षा घेरा तोड़ दिया, जिससे हालात बेकाबू हो गए. घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मेसी और फैंस से माफी मांगी, जबकि पुलिस ने आयोजक को गिरफ्तार में लिया.

> पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है और कानून-व्यवस्था बहाल कर दी गई है। उन्होंने स्वीकार किया कि प्रशंसकों की नाराजगी स्वाभाविक थी, क्योंकि वे मेसी को मैदान पर अधिक समय तक देखने की उम्मीद कर रहे थे।

फैंस ने 16-16 हजार का टिकट लिए हैं। फैंस ने इसी पर अपना गुस्सा जाहिर किया है.लियोनेल मेसी के 'इंडिया टूर 2025' पर 15 सालबाद आए हैं।इससे नाराज प्रशंसकों ने स्टेडियम में हंगामा शुरू कर दिया। देखते ही देखते मामला गंभीर हो गया, जिसके बाद पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा।

**टिकट धारकों को दिया जाएगा रिफंड**

आयोजकों ने लिखित रूप से यह आश्वासन भी दिया है कि निराश टिकट धारकों को रिफंड दिया जाएगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पूर्व जज की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित करने की घोषणा की है।

**घोषणा** मृत्यु भोज और शादी में पैसा फालतू नहीं उड़ाने की दी सलाह

# भोपाल-इंदौर स्टेट हाईवे पर विक्रमादित्य द्वार बनेगा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 13 दिसंबर.** भोपाल-इंदौर स्टेट हाईवे पर भव्य विक्रमादित्य द्वार बनेगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को हुजूर विधानसभा के फंदा स्थित शासकीय स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में द्वार के साथ ही ई-बस डिपो का भूमिपूजन किया. इस दौरान उन्होंने फंदा का नाम बदलकर हरिहर नगर करने की भी घोषणा की. वहीं संबोधन के दौरान उन्होंने लोगों को मृत्यु भोज और शादी-ब्याह में फालतू पैसा नहीं उड़ाने की नसीहत भी दी. उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि मैंने अपने बेटे की शादी सामूहिक विवाह सम्मेलन में किया. पीएम मोदी कहते हैं कि सबका साथ- सबका विकास तो ये केवल बोलने से नहीं होगा, हमे ही करके दिखाना होगा.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लोगों को सलाह दी कि वे अपने बच्चों की शादी सामूहिक विवाह सम्मेलन में करें. हमारे बीच मंत्री चैतन्य काश्यप बैठे हैं, हजार करोड़ रुपये से उपर के आदमी है, लेकिन वे भी बच्चों



की शादी 100-50 लोगों के बीच ही करते हैं. मेरे भी बेटा-बहू डॉक्टर हैं. लेकिन जिस सम्मेलन में शादी की, वहां हर वर्ग के बच्चे थे. हमें दिखावे से बचना होगा, पैसे को लिखाई-पढ़ाई पर खर्च करना होगा.

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकर के प्रयासों से भोपाल क्षेत्र विरासत और विकास के श्रेष्ठ उदाहरण के रूप में विकसित होगा. मध्यप्रदेश के गौरवशाली अतीत और समृद्ध संस्कृति को अभिव्यक्त करते राजधानी भोपाल में 9 स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं. भोपाल में परमार वंश के कुलदीपक राजा भोज, सम्राट विक्रमादित्य, श्रीराम, श्रीकृष्ण के नाम पर भी भव्य स्वागत द्वार बनेंगे.

> **बड़े तालाब को गहरा किया जाएगा**
>
> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मिट्टी निकालकर बड़े तालाब को गहरा किया जाएगा, इससे खेतों में पानी भरने की समस्या का समाधान होगा. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षेत्रीय मांग पर ग्राम फंदा का नाम बदलकर हरिहर नगर करने संबंधी प्रस्ताव पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हुजूर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तूमड़ा में शाला भवन के लिए 5 करोड़ रुपए देने और ग्राम फंदा में कॉलेज भवन निर्माण की भी घोषणा की. कार्यक्रम को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा कि भोपाल को केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से 100 इलेक्ट्रिक बसें मिली हैं. इनके सुगम संचालन के लिए 16 करोड़ की लागत से चार्जिंग स्टेशन भी बनाया जा रहा है.